राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 23 दिसम्बर। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रदेश के 4 जिलों में सम्पन्न पंचायत राज चुनावों में कांग्रेस पार्टी के विजयी हुए तीनों जिला प्रमुखों तथा 19 पंचायत समितियों में कांग्रेस के विजयी प्रधानों को बधाई दी है तथा कांग्रेस में विश्वास व्यक्त करने पर प्रदेश की जनता का आभार जताया है।

श्री डोटासरा ने कहा कि प्रदेश में राजस्थान सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों एवं जनहित में लिए गए निर्णयों के साथ ही प्रदेश कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचें यह सुनिश्चित किया, जिसके परिणाम स्वरूप प्रदेश की जनता ने कांग्रेस पर विश्वास जताकर पंचायत राज चुनावों में पार्टी को विजयी बनाया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार तानाशाही पूर्ण रवैया अपनाकर अपने निर्णयों को जनता पर थोपने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की जनता महँगाई से त्रस्त है जिस कारण आमजन भारतीय जनता पार्टी के विरूद्ध आक्रोशित है। उन्होंने कहा कि राजस्थान प्रदेश में कांग्रेस पार्टी का मत-प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है तथा भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में हाशिए पर चली गई है।

उन्होंने कहा कि इन चुनावों में पार्टी को मिली सफलता से उत्साहित होकर कांग्रेस दुगुनी शक्ति के साथ आम जनता की सेवा में जुटेगी तथा राजस्थान में विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चुनावों में लगातार मिल रही सफलता से यह स्पष्ट हो गया है कि 2023 में होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी पुनः भारी बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाएगी।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 23 दिसम्बर। देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री पी. वी. नरसिम्हा राव की पुण्यतिथि के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष श्री सीताराम अग्रवाल, मुख्यालय सचिव श्री रामसिंह कस्वां, सचिव श्री जसवंत गुर्जर, श्री प्रशांत सहदेव शर्मा, पूर्व विधायक श्री नवरंग सिंह, श्री अय्यूब खान, श्रीमती मंजू शर्मा, श्री अब्दुल रज्जाक भाटी, श्री राजेन्द्र शर्मा, श्री गोपाल नावरिया, श्री राजेन्द्र आर्य, श्री राजू खान, श्री शरीफ खान, श्री सत्येन्द्रसिंह जादौन, श्री धनसिंह नरूका, श्री कालूराम, श्री राजेश पाण्डे, श्री रामकरण कुमावत, श्री हवासिंह बुगालिया, श्री दीपक धीर, श्री सी. एल. यादव सहित अनेक कांग्रेसजनों ने स्व. श्री पी. वी. नरसिम्हा राव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी पुष्पांजलि दी।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter